**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 418**
**(02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मनरेगा के अंतर्गत दिव्यांगजन**

**418. डॉ. काकोली घोष दस्तीदार:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पंजीकृत दिव्यांगजनों का राज्य-वार ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है;

(ख) कुल कितने दिव्यांग आवेदकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा उन्हें कितने दिनों तक रोजगार दिया गया तथा तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या दिव्यांग लोगों को दिए जाने वाले काम में छूट देने के संबंध में मनरेगा के कोई दिशा-निर्देश हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.11.2025 तक) के दौरान पंजीकृत दिव्यांगजनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध–I** में दिया गया है।

(ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.11.2025 तक) के दौरान रोजगार प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों तथा सृजित श्रमदिवसों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध–II** में दिया गया है।

(ग) एवं (घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की अनुसूची –I के पैरा 9 के अनुसार, "प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा कार्य की अपेक्षित मांग को पूरा करने हेतु पर्याप्त कार्यों की संख्या आरक्षित रखी जाएगी , ताकि कम से कम एक श्रम-प्रधान सार्वजनिक कार्य तथा कम

से कम एक ऐसा कार्य जो विशेष रूप से कमजोर समूहों विशेषकर वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त हो , हर समय उपलब्ध रखा जाए , ताकि मांग के अनुसार कार्य प्रदान किया जा सके।"

इसके अतिरिक्त, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा) के संचालन दिशानिर्देशों में दिव्यांगजनों के लिए प्रावधान निम्नलिखित रूप से दिए गए हैं:-

पैरा 9.3.1: विकलांग या दिव्यांगजन, जिन्हें निशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम , 1995 (1996 का 1) के अंतर्गत 40% या उससे अधिक की विकलांगता वाले व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है , उन्हें महात्मा गांधी नरेगा के उद्देश्य से कमजोर व्यक्तियों की विशेष श्रेणी माना जाएगा। इसी प्रकार , ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी , मानसिक मंदता और बहुविकलांगता से पीड़ित व्यक्तियों के कल्याण हेतु राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम , 1999 (1999 का 44) में परिभाषित विकलांग व्यक्तियों को भी महात्मा गांधी मनरेगा में शामिल किए जाने हेतु विकलांग व्यक्ति माना जाएगा।

पैरा 9.3.2: चूंकि इस श्रेणी के लोग दिव्यांग हैं, इसलिए महात्मा गांधी नरेगा में उनके समावेशन को सुगम बनाने के लिए विशेष परिस्थितियां बनानी होती है।

पैरा 9.3.3: प्रत्येक राज्य सरकार उन विशिष्ट कार्यों की पहचान करेगी जिन्हें दिव्यांग और कमज़ोर व्यक्ति कर सकते हैं। एक गाँव में , दिव्यांगजनों की विभिन्न श्रेणियों को एक निश्चित समूह के रूप में एक साथ संगठित किया जाएगा , ताकि वे इस योजना के तहत अपने लिए प्रस्तावित कार्यों को पूरा कर सकें और कार्य प्राप्त करने के अपने विकल्प का उपयोग करना उनके लिए संभव हो सके। किसी भी आधार पर , दिव्यांग और कमज़ोर व्यक्तियों को महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में लगे अन्य व्यक्तियों की तुलना में कम मज़दूरी नहीं दी जानी चाहिए।

**अनुबंध-I**

लोक सभा में दिनांक 02.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 418 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित **अनुबंध-I**

| महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.11.2025 की स्थिति के अनुसार) के दौरान पंजीकृत दिव्यांगजनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा। | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पंजीकृत दिव्यांगजनों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 104264 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1332 |
| 3 | असम | 20644 |
| 4 | बिहार | 55822 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 45199 |
| 6 | गोवा | 18 |
| 7 | गुजरात | 79331 |
| 8 | हरियाणा | 2657 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 5402 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 8653 |
| 11 | झारखंड | 34367 |
| 12 | कर्नाटक | 114258 |
| 13 | केरल | 4176 |
| 14 | लद्दाख | 51 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 127510 |
| 16 | महाराष्ट्र | 146320 |
| 17 | मणिपुर | 3342 |
| 18 | मेघालय | 4914 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | मिजोरम | 302 |
| 20 | नागालैंड | 1975 |
| 21 | ओडिशा | 33487 |
| 22 | पंजाब | 9368 |
| 23 | राजस्थान | 71513 |
| 24 | सिक्किम | 308 |
| 25 | तमिलनाडु | 148749 |
| 26 | तेलंगाना | 114135 |
| 27 | त्रिपुरा | 12505 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 48631 |
| 29 | उत्तराखंड | 3161 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 196769 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 90 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 128 |
| 33 | लक्षद्वीप | 44 |
| 34 | पुदुचेरी | 1450 |
| | कुल | 14,00,875 |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

**अनुबंध-II**

लोक सभा में दिनांक 02.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 418 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित **अनुबंध-II**

| महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.11.2025 की स्थिति के अनुसार) के दौरान रोज़गार प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों और सृजित श्रमदिवसों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा। | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रोज़गार प्राप्त करने वाले दिव्यांगजन | सृजित श्रमदिवस |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 62545 | 1823134 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 834 | 27822 |
| 3 | असम | 2728 | 60201 |
| 4 | बिहार | 7814 | 246656 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 14788 | 311962 |
| 6 | गोवा | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 5064 | 141320 |
| 8 | हरियाणा | 378 | 6268 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1033 | 25117 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 1543 | 43022 |
| 11 | झारखंड | 6520 | 238938 |
| 12 | कर्नाटक | 21982 | 401853 |
| 13 | केरल | 1961 | 83143 |
| 14 | लद्दाख | 30 | 1302 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 40000 | 950429 |
| 16 | महाराष्ट्र | 23842 | 511508 |
| 17 | मणिपुर | 1778 | 41479 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | मेघालय | 2436 | 82942 |
| 19 | मिजोरम | 252 | 13880 |
| 20 | नागालैंड | 819 | 20646 |
| 21 | ओडिशा | 10430 | 312702 |
| 22 | पंजाब | 2511 | 58820 |
| 23 | राजस्थान | 18593 | 522322 |
| 24 | सिक्किम | 121 | 4383 |
| 25 | तमिलनाडु | 93824 | 3004385 |
| 26 | तेलंगाना | 32524 | 658427 |
| 27 | त्रिपुरा | 7049 | 203118 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 17044 | 573928 |
| 29 | उत्तराखंड | 595 | 12897 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 3 | 26 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 6 | 18 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 34 | पुदुचेरी | 745 | 16711 |
| | कुल | 3,79,792 | 103,99,359 |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)